Australian Government
Department of Home Affairs

समुद्री यात्रा घोषणा [Maritime Travel Declaration (MTD)]

अवलोकन

समुद्र के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया आने वाले यात्रियों के लिए समुद्री यात्रा घोषणा (एमटीडी) [Maritime Travel Declaration (MTD)] जमा करना आवश्यक है। आपको ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा के लिए जहाज में सवार होने से पहले एमटीडी जमा करना होगा। आपको जहाज में सवार होने से 3 से 10 दिन पहले अपना एमटीडी जमा करना चाहिए। एमटीडी को भरते समय आपके लिए यह आवश्यक होगा कि आप:

- ऑस्ट्रेलिया में अपने निवास के दौरान अपना संपर्क विवरण प्रदान करें, जिसमें एक ईमेल पता और संपर्क फोन नंबर शामिल होना चाहिए
- अपनी कोविड-19 टीकाकरण स्थिति के बारे में घोषणा करें
- ऑस्ट्रेलिया में अपने आगमन से पूर्व पिछले 14 दिनों में अपने अंतरराष्ट्रीय यात्रा इतिहास के बारे में घोषणा करें
- यह घोषणा करें कि जिस राज्य या राज्य-क्षेत्र में आप उतर रहे/रही हैं, वहाँ लागू होने वाली संगरोध व परीक्षण-संबंधी आवश्यकताओं और गैर-अनुपालन के लिए लागू जुर्मानों से आप अवगत हैं।

ध्यान दें: अपना एमटीडी पूरा करने से पहले ऑस्ट्रेलिया की अन्य सभी यात्रा-संबंधी आवश्यकताओं की जाँच कर लें। यात्रा करने से पहले आपके लिए ज़रूरी सभी दस्तावेजों की सूची के लिए, टीकाकृत यात्रियों और गैर-टीकाकृत यात्रियों के लिए जानकारी देखें।

समुद्र के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया आने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल यात्री घोषणा (डीपीडी) [Digital Passenger Declaration (DPD)] जमा करना आवश्यक **नहीं** है।

एमटीडी केवल समुद्र के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया आने वाले लोगों के लिए ही है। यदि आप विमान से ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश कर रहे/रही हैं, तो इसके बजाय डिजिटल यात्री घोषणा (डीपीडी) [Digital Passenger Declaration (DPD)] जमा करें।

जुर्माने व प्रवर्तन

ऑस्ट्रेलिया की अपनी यात्रा के लिए जहाज पर सवार होने से पहले महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के लिए आपको समुद्री यात्रा घोषणा (एमटीडी) [Maritime Travel Declaration (MTD)] का उपयोग करने की आवश्यकता है, जिसमें आपकी टीकाकरण स्थिति के बारे में घोषणा भी शामिल है। ये एक लागू किए जाने योग्य अनिवार्यता है। इस अनिवार्यता का पालन करने में विफल व्यक्ति पर 30 पेनल्टी यूनिटों (वर्तमान में $6,660 AUD) का नागरिक दंड (जुर्माना) लगाया जा सकता है। इसे *जैवसुरक्षा अधिनियम 2015 (Biosecurity Act 2015)* के अनुभाग 46 में निर्धारित किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया सरकार को झूठी या गुमराह करने वाली जानकारी देना एक गंभीर अपराध है। दोषी पाए जाने पर अधिकतम दंड 12 महीनों का कारावास है।

जनस्वास्थ्य आदेशों का अनुपालन लागू करने के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र भी दंड लागू कर सकते हैं। इसमें कोविड-19 परीक्षण और आत्म-अलगाव या संगरोध आवश्यकताएँ शामिल हो सकती हैं प्रवेश करने के बाद यदि आप जनस्वास्थ्य आदेशों या किसी भी आवश्यकता का अनुपालन नहीं करते/करती हैं, तो आपके ऊपर कारावास में समय या बड़े जुर्मानों सहित गंभीर जुर्माने लगाए जा सकते हैं। इन आवश्यकताओं में अचानक बदलाव होना संभव है। और अधिक जानकारी के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र में आगमन की आवश्यकताएँ देखें।

ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने वाले अस्थायी वीज़ा धारकों का वीज़ा रद्द किया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है और उन्हें हटाया जा सकता है, यदि:

- वे ऑस्ट्रेलिया की सीमा प्रवेश आवश्यकताओं के अनुसार अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रयोजनों के लिए पूरी तरह से टीकाकृत नहीं हैं
- उन्हें ऑस्ट्रेलिया सरकार की परिभाषानुसार कोविड-19 टीकाकरण के लिए चिकित्सीय अपवाद प्राप्त नहीं है
- वे अपवाद-प्राप्त वर्ग में नहीं आते हैं अथवा उनके पास व्यक्तिगत यात्रा अपवाद नहीं है।

अपनी घोषणा पूरी करें

आप एमटीडी ऑनलाइन फॉर्म का उपयोग करके अपनी समुद्री यात्रा घोषणा (एमटीडी) [Maritime Travel Declaration (MTD)] को पूरा कर सकते/सकती हैं।

आपको एक खाता खोलना होगा, जो आपको एक ही स्थान पर अपनी वर्तमान और भविष्य की घोषणाओं के प्रबंधन में सहायता देगा।

अपनी घोषणा शुरू करना

आपको एमटीडी के लिए कोई भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है - यह निःशुल्क है।

अपनी घोषणा शुरू करने से पहले नीचे दी गई जानकारी तैयार रखें:

- पोत का नाम और प्रकार
- प्रस्थान और आगमन के बंदरगाह
- वैध पासपोर्ट
- ऑस्ट्रेलिया में अपने आगमन से पूर्व पिछले 14 दिनों में अपना अंतरराष्ट्रीय यात्रा इतिहास
- कोविड-19 टीकाकरण रिकॉर्ड या इस बात का स्वीकार्य प्रमाण कि आपको चिकित्सीय कारणों की वजह से टीका नहीं लगाया जा सकता है।

प्रत्येक वयस्क के लिए अपनी घोषणा को स्वयं पूरा करना आवश्यक है। 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों की घोषणाओं को माता-पिता को पूरा करना चाहिए। आपको अपनी पूरी की गई घोषणा के साथ एक ईमेल मिलेगी, जिसे आप प्रिंट या डाउनलोड कर सकते/सकती हैं।

राउंड-ट्रिप क्रूज़

यदि राउंड ट्रिप क्रूज़ ऑस्ट्रेलिया से आरंभ होता है और ऑस्ट्रेलिया में समाप्त होता है, तो यात्रियों और चालकदल को समुद्री यात्रा घोषणा (एमटीडी) [Maritime Travel Declaration (MTD)] को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है, बशर्ते वे यात्रा के आरंभ में जहाज में शामिल हों। इसमें ऑस्ट्रेलिया से आरंभ होने वाले और ऑस्ट्रेलिया में समाप्त होने वाले घरेलू क्रूज़ और अंतरराष्ट्रीय क्रूज़ शामिल हैं।

यदि आप विदेश में स्थित किसी बंदरगाह पर राउंड-ट्रिप क्रूज़ में शामिल होते/होती हैं, तो यात्रा में शामिल होने से पहले आपको एमटीडी पूरा करने की आवश्यकता होगी।

समुद्री चालकदल के लिए जानकारी

क्रूज़ जहाज पर काम करने वाले समुद्री चालकदल को ऑस्ट्रेलिया के लिए जहाज पर सवार होने से पहले समुद्री यात्रा घोषणा (एमटीडी) [Maritime Travel Declaration (MTD)] पूरा करने की आवश्यकता होगी। यदि आपका जहाज ऑस्ट्रेलिया की यात्रा के दौरान कई स्थानों पर रुक रहा है, तो आपको केवल सबसे पहले प्रस्थान बंदरगाह से पूर्व एमटीडी पूरा करने की आवश्यकता होगी।

यदि जहाज का प्रभारी व्यक्ति या जहाज के चालकदल का कोई सदस्य अपनी यात्रा के दौरान यात्रियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करता है और यदि उनका इरादा ऑस्ट्रेलियाई क्षेत्र में जहाज से उतरने का नहीं है, तो उन्हें एमटीडी पूरा करने की आवश्यकता नहीं है।

कमर्शियल शिपिंग जहाजों के समुद्री चालकदल को एमटीडी पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। कमर्शियल शिपिंग जहाज में सवार सभी यात्रियों को एमटीडी पूरा करने की आवश्यकता होगी।

ऑस्ट्रेलिया में घरेलू स्तर पर परिचालित किए जाने वाले जहाजों के लिए एमटीडी पूरा करने की आवश्यकता नहीं है।

अपने जहाज में शामिल होने के लिए **विमान से** ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने वाले सभी समुद्री चालकदल को एमटीडी के बजाय डिजिटल यात्री घोषणा (डीपीडी) [Digital Passenger Declaration (DPD)] पूरा करने की आवश्यकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि एमटीडी केवल समुद्र के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया आने वाले लोगों के लिए ही है।

आपकी समुद्री यात्रा घोषणा [Maritime Travel Declaration (MTD)] का परिणाम

पूरी की गई समुद्री यात्रा घोषणा (एमटीडी) [Maritime Travel Declaration] आपको ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने की गारंटी नहीं देती है।

एक बार जब आप एमटीडी जमा कर देते/देती हैं तो आपको एक ईमेल प्राप्त होगी, जिसे आपको जहाज पर सवार होने से पूर्व और ऑस्ट्रेलिया में आगमन पर दिखाने की (या तो प्रिंटेड या इलेक्ट्रॉनिक रूप में) आवश्यकता होगी। आप अपने एमटीडी खाते में भी परिणाम देख सकते/सकती हैं।

जहाज के परिचालक आपके सवार होने से पहले आपके एमटीडी परिणाम की समीक्षा करेंगे। आपका एमटीडी इनमें से कोई एक परिणाम दिखाएगा:

- **हरा:** आपने अपनी घोषणा में जो जानकारी ऐंटर की है, वह इंगित करती है कि आप ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताएँ पूरी करते/करती हैं। आपको फिर भी चेक-इन के समय अपने दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता होगी। आपको जहाज पर सवार होने देने के लिए अंतिम निर्णय जहाज के परिचालक लेंगे।
- **नीला:** आपने अपनी घोषणा में जो जानकारी ऐंटर की है, वह इंगित करती है कि आप संभावित रूप से ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताएँ पूरी कर सकते/सकती हैं, जो आपकी परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। जहाज परिचालक को आपके सवार होने से पहले कुछ अतिरिक्त जांचें करने की आवश्यकता हो सकती है।
- **लाल:** आपने अपनी घोषणा में जो जानकारी ऐंटर की है, वह इंगित करती है कि आप ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीकाकरण आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते/करती हैं। आप

ऑस्ट्रेलिया में तब तक प्रवेश नहीं कर सकते/सकती हैं, जब तक आपको यात्रा प्रतिबंधों से अपवाद प्राप्त न हो। जहाज परिचालक को यह निर्धारित करने के लिए अतिरिक्त जांचें करने की आवश्यकता होगी कि क्या आप जहाज में सवार होने में सक्षम हैं।

आपको उन सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों की व्यवस्थाओं की जाँच करनी चाहिए, जहाँ आप यात्रा करेंगे/करेंगी या जहाँ से होकर आप पारगमन करेंगे/करेंगी। प्रत्येक ऑस्ट्रेलियाई राज्य और राज्य-क्षेत्र की अलग-अलग आवश्यकताएँ हैं। और अधिक जानकारी के लिए राज्य और राज्य-क्षेत्र में आगमन की आवश्यकताएँ देखें।

जहाज परिचालकों के लिए और अधिक जानकारी

जहाज परिचालकों के लिए अतिरिक्त आवश्यकताएँ लागू हैं, जिनके बारे में उन्हें अवगत होना चाहिए। इसमें क्रूज़ जहाज परिचालक, कमर्शियल जहाज, सुपरयॉट्स, नौकाएँ और आनंद के प्रयोजन से नौकाएँ भी शामिल हैं। समुद्र के माध्यम से प्रवेश और प्रस्थान करना देखें।

समर्थन

अगर आपको अपनी एमटीडी को पूरा करने में मदद चाहिए, तो अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न देखें।